GST NO. 07AAACE1747M1ZJ
CIN U20299DL1986 NPL023253
EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS
EPCH HOUSE, POCKET 6 & 7, SECTOR 'C', LOCAL SHOPPING CENTRE, VASANT KUNJ, NEW DELHI-110070
**Tel**: 91-11-26135256
**Email:** press@epch.com
**Fax**: 91-11-26135518,26135519
**web:** www.epch.in

# PRESS RELEASE

## SHRI RAJ KUMAR MALHOTRA, CHAIRMAN-EPCH MET HON'BLE MINISTER OF TEXTILES, SMT. SMRITI ZUBIN IRANI – MINISTER ASSURES SUPPORT TO HANDICRAFTS SECTOR

**NEW DELHI – 15th June 2021** - Shri Raj Kumar Malhotra, new Chairman-EPCH alongwith Shri Ravi K. Passi, Immediate Past Chairman-EPCH, Dr. Rakesh Kumar, Director General-EPCH and Sh. R.K. Verma, Executive Director-EPCH met **Hon'ble Union Minister of Textiles and Women & Child Development, Smt. Smriti Zubin Irani** and apprised Hon'ble Minister about the performance of exports of handicrafts for the year 2020-21 which has shown marginal increase of 1.14% (in Rupee terms) over the same period last year, informed Dr. Rakesh Kumar, Director General, EPCH.

Shri Raj Kumar Malhotra, Chairman-EPCH during discussion also raised certain issues pertaining to promotion of exports of handicraft and sought intervention of the Hon'ble Minister. The issues raised included Restoration of provision of duty-free import of essential embellishments, trimmings, tools consumables for handicrafts sector; Release of funds of MEIS; Setting-up regulatory body for Shipping lines and freight forwarders; Coverage of Pre shipment risk by ECGC; Restoration of Option to Export on Payment of IGST or Under Bond or LUT; Setting up a warehousing facility at USA, said Dr. Kumar.

The Hon'ble Minster of Textiles patiently heard all the suggestions raised by the Chairman-EPCH and complimented the handicrafts sector for its efforts during COVID pandemic on achievement of exports of over Rs. 25,558 crores (USD 3443 million). Hon'ble Minister assured her Ministry's full support to the Council towards growth and development of the handicrafts sector, further informed by Dr. Kumar.

Shri Ravi K. Passi, Immediate Past Chairman-EPCH, Dr. Rakesh Kumar, Director General and Shri R.K. Verma, Executive Director-EPCH were also present on the occasion.

The exports of handicrafts for April-March (provisional) of the current financial year 2020-21 is at Rs.25558.94 crores (US$ 3443.45 million) registering a marginal growth of 1.14 % (Rupee terms) and (-) 3.39 % (dollar terms) over the same period last year. However, as far as exports for the month of (April- May) 2021-22 (provisional) is at Rs. 2538.09 crores (US$ 343.49 million) and a growth of 175.67% in Rupees terms and 183.34% in Dollar terms.

---

**For more information, please contact:**
DR. RAKESH KUMAR, DIRECTOR GENERAL – EPCH - +91-9818272171


Copyright 2021 - Export Promotion Council for Handicrafts. All Rights Reserved.

# प्रेस#विज्ञप्ति

## ईपीसीएच के चेयरमैन श्री राजकुमार मल्होत्रा ने केंद्रीय कपड़ा मंत्री माननीया श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी से मुलाकात की, मंत्री ने दिया हस्तशिल्प सेक्टर को सहयोग का आश्वासन

**नई दिल्ली, 15 जून 2021**- हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) के चेयरमैन श्री राजकुमार मल्होत्रा ने पिछले चेयरमैन श्री रवि.के.पासी, महानिदेशक ईपीसीएच डॉ. राकेश कुमार और कार्यकारी निदेशक श्री आर.के.वर्मा के साथ केंद्रीय कपड़ा एवं महिला एवं बालविकास मंत्री माननीया श्रीमती स्मृति ईरानी से मुलाकात की। ईपीसीएच के महानिदेशक डॉक्टर राकेश कुमार ने जानकारी दी कि इस प्रतिनिधि मंडल ने माननीय मंत्री को वित्तीय वर्ष 2020-21 में हस्तशिल्प सेक्टर के निर्यात के प्रदर्शन की जानकारी दी। इस प्रदर्शन के तहत निर्यात में पिछले वर्ष की तुलना में रुपये की संदर्भ में 1.14% की आंशिक बढ़त दर्ज की गयी है।

ईपीसीएच के अध्यक्ष श्री राज कुमार मल्होत्रा ने माननीय मंत्री से चर्चा के दौरान हस्तशिल्प के निर्यात को बढ़ावा देने से संबंधित कई मुद्दों को भी उठाया और माननीया मंत्री के हस्तक्षेप की मांग की। डाक्टर कुमार ने आगे जानकारी देते हुए कहा कि उठाए गए मुद्दों में हस्तशिल्प क्षेत्र के लिए आवश्यक उपकरण, ट्रिमिंग, हस्तशिल्प सेक्टर के टूल्स कंज्यूमेबल्स, के शुल्क मुक्त आयात के प्रावधान की बहाली, एमईआईएस के फंड्स को शीघ्र निर्गत किए जाने, शिपिंग लाइनों और फ्रेट फारवर्डर्स के लिए नियामक निकाय की स्थापना; ईसीजीसी द्वारा प्री शिपमेंट जोखिमों का कवरेज; आईजीएसटी या बांड या एलयूटी के तहत भुगतान पर निर्यात के विकल्प की बहाली और यूएसए में वेयरहाउसिंग फैसिलिटी स्थापित करने जैसे मुद्दे शामिल रहे।

अपनी बात को विस्तार देते हुए डॉक्टर कुमार ने बताया कि माननीया कपड़ा मंत्री ने अध्यक्ष-ईपीसीएच द्वारा उठाए गए सभी सुझावों को धैर्यपूर्वक सुना और कोविड महामारी के दौरान अपने प्रयासों के लिए और 25,558 करोड़ रुपये यानी 3443 मिलियन डॉलर से अधिक के निर्यात की उपलब्धि पर हस्तशिल्प क्षेत्र की सराहना की। माननीया मंत्री ने हस्तशिल्प क्षेत्र के विकास और उसे बढ़ावा देने के लिए परिषद को अपने मंत्रालय के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर ईपीसीएच के पिछले चेयरमैन श्री रवि.के.पासी, महानिदेशक ईपीसीएच डॉ. राकेश कुमार और कार्यकारी निदेशक श्री आर.के.वर्मा भी मौजूद रहे।

वित्तीय वर्ष 2020-21 की अप्रैल-मार्च अवधि (तदर्थ) के लिए हस्तशिल्प निर्यात का अनुमानित आंकड़ा 25558.94 करोड़ रुपये (3443.45 मिलियन अमेरिकी डालर) है। बीते वर्ष की इसी अवधि की तुलना में रुपये के संदर्भ में इसमें 1.14% की आंशिक वृद्धि और डॉलर के संदर्भ में (-) 3.39% प्रतिशत की गिरावट दर्ज है। हालांकि वर्ष 2021-22 के अप्रैल-मई माह (तदर्थ) में कुल निर्यात 2538.09 करोड़ रुपये (343.49 मिलियन अमरीकी डॉलर) दर्ज किया गया है। निर्यात का यह आंकड़ा पिछले वर्ष तुलना में रुपये के संदर्भ में 175.67% और डॉलर के संदर्भ में 183.34% वृद्धि दर्शाता है।

---

**विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:**
डॉ. राकेश कुमार, महानिदेशक, ईपीसीएच- +91-9818272171

**Follow us on #epchindia**

Copyright 2021 - Export Promotion Council for Handicrafts. All Rights Reserved.



Shri Raj Kumar Malhotra, Chairman-EPCH, Shri Ravi K. Passi, Immediate Past Chairman-EPCH, Dr. Rakesh Kumar, Director General-EPCH and Sh. R.K.Verma, Executive Director-EPCH met today Hon'ble Union Minister of Textiles and Women & Child Development, Smt. Smriti Zubin Irani



Copyright 2021 - Export Promotion Council for Handicrafts. All Rights Reserved.